Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University Gorakhpur

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 18, February

Dainik Jagran

सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी के सिखाए गुर

जासं, गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह के क्रम में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'हाउ टू प्रिपेयर फार सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन कंपलीट प्लेनिंग एंड स्ट्रेटजी' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में 2022 बैच के आईएएस राकेश कुमार ने अपनी तैयारी के दौरान के अनुभव को साझा किया। सोमवार को आयोजित संगोष्ठी में आईएएस राकेश कुमार ने कहा कि भाषा को कभी भी बाधक के रूप में नहीं समझना चाहिए। स्ट्रेटजी पर बात करते हुए उन्होंने पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों के अलावा तथा किताब और नोट्स के बीच सामंजस्य बिठाकर तैयारी करने का सुझाव दिया।

लिटरेरी वाल का कुलपति ने किया अनावरण

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में सोमवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने 'लिटरेरी वाल' का अनावरण किया। विभाग के शोधार्थियों ने इस दीवार को साहित्यिक उद्धरणों, प्रतीकों और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सजाया है। कुलपति ने इसे सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनेगी, जहां वे साहित्य और कला के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि शोध कार्य बौद्धिक खोज का आधार है, लेकिन जब विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता और कला का उपयोग कर विभाग और विश्वविद्यालय के लिए योगदान देते हैं, तो यह वास्तव में प्रशंसनीय हो जाता है। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के 75 गौरवशाली वर्षों के उत्सव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य 'माई कैंपस, माई प्राइड, माई रिस्पांसिबिलिटी' को बढ़ावा देना है। इस रचनात्मक पहल में योगदान देने वाले शोधार्थियों को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया। - विज्ञप्ति

गोवि ने 66 शोधार्थियों को दिया अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार

जासं, गोरखपुर : अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अपने सर्वोत्कृष्ट शोधार्थियों को अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रो. पूनम टंडन के हाथों दिया गया। उत्कृष्ट शोधकार्य के चयन का आधार स्कोपस या वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध जर्नलाइज़ टैकिंग जर्नल्स में शोधपत्रों का प्रकाशन रहा।

पुरस्कार पोलिटिकल, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज श्रेणी में विभाजित रहे, जो जर्नल की रैंकिंग के आधार पर विभिन्न स्तरों की सफलता को दर्शाते हैं। पुरस्कार ग्रहण करने वालों में भौतिकी विभाग के डा. गरिमा एवं रसायिकी के दो, रसायन विज्ञान के चार, प्राणि विज्ञान के चार सहित इलेक्ट्रानिक्स, औद्योगिक सूक्ष्म जीवियी, वनस्पति, मनोविज्ञान के शोधकर्ता शामिल हैं। इन 66 शोधकर्ताओं के पुरस्कार की कुल धनराशि लगभग पांच लाख रुपये रही।

सभी पांच शोधकर्ताओं में भौतिकी विभाग के डा. आमरीश कुमार श्रीवास्तव को 51 हजार, गरिमा एवं रसायिकी विभाग के डा. राजेश कुमार को 26 हजार 500, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के डा. पार्थसि राय को 22 हजार 500, प्राणि विज्ञान विभाग के डा. महेन्द्र प्रताप सिंह को 16 हजार 500 को पुरस्कार राशि दी गई।

गोवि की किक बाक्सिंग टीम का चयन 21 को

गोरखपुर: सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में 18 मार्च से अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय किक बाक्सिंग (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2024-25 के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय की किक बाक्सिंग (पुरुष एवं महिला) टीम का चयन 21 फरवरी को अपराह्न एक बजे से विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद भवन में होगा। क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. राजवीर सिंह ने बताया कि चयन-ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं ब्लैक बेल्ट एवं उससे ऊपर की होनी चाहिए। इसके अलावा आधार कार्ड, एक फोटो, परिचय पत्र एवं महाविद्यालय के प्रतिभागी अपने प्राचार्य से प्राप्त लिखित अधिकार पत्र के साथ निश्चित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहें। - विज्ञप्ति

डीडीयू में 66 शोधार्थियों को मिल अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार

अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया। सौज-दैनिक

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर: दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को 66 शोधार्थियों को अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। इन 66 शोधकर्ताओं के पुरस्कार की कुल धनराशि लगभग पांच लाख रुपये रही।

स्कोपस या वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध जर्नलस में प्रकाशन पर सम्मान

ये शोधपत्रों पर प्रकाशन रहा।

पुरस्कार पोलिटिक, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज श्रेणी में विभाजित रहे। पुरस्कार ग्रहण करने वालों में भौतिकी विभाग के 18, गणित एवं सांख्यिकी के दो, जैव प्रौद्योगिकी के दो, रसायन विज्ञान के चार, वनस्पति विज्ञान के 14, प्राणि विज्ञान के चार सहित इलेक्ट्रानिक्स, औद्योगिक सूक्ष्म जीवियी, वनस्पति, मनोविज्ञान के शोधकर्ता शामिल हैं।

सभी पांच शोधकर्ताओं में भौतिकी विभाग के डा. अमरीश कुमार श्रीवास्तव को 51 हजार, गरिमा एवं रसायिकी विभाग के डा. राजेश कुमार को 26 हजार 500, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के डा. पार्थसि राय को 22 हजार 500 और प्राणि विज्ञान विभाग के डा. महेन्द्र प्रताप सिंह को 16 हजार 500 की पुरस्कार राशि दी गई।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने शोधार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया। इसके चयन का आधार स्कोपस या वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध जर्नलाइज़ टैकिंग जर्नल्स में शोधपत्रों का प्रकाशन रहा। कुलपति ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनेगी, जहां वे साहित्य और कला के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मौके पर विश्वविद्यालय प्रो. अजय शुक्ल, प्रो. वीरेन्द्र सिंह, प्रो. अलोक कुमार, प्रो. लिखा सिंह, प्रो. सुनीश भूमि, प्रो. गौरहरि बेहरा, डॉ पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

Amar Ujala/Select

डीडीयू : 66 शोधार्थियों को मिला अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार

चयन का आधार स्कोपस या वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध जर्नलाइज़ टैकिंग जर्नल्स में शोधपत्रों का प्रकाशन रहा

अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कुलपति प्रो. अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार दिया।

डीडीयू : लिटरेरी वॉल का कुलपति ने किया अनावरण

गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में सोमवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने 'लिटरेरी वॉल' का अनावरण किया। विभाग के शोधार्थियों ने इस दीवार को साहित्यिक उद्धरणों, प्रतीकों और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सजाया है। कुलपति ने इसे सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनेगी, जहां वे साहित्य और कला के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के 75 गौरवशाली वर्षों के उत्सव का प्रतीक है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ''माई कैंपस, माई प्राइड, माई रिस्पांसिबिलिटी'' को बढ़ावा देना है। इस रचनात्मक पहल में योगदान देने वाले शोधार्थियों को कुलपति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ब्यूरो

डीडीयू की किक बॉक्सिंग टीम का चयन 21 को

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय की किक बॉक्सिंग (पुरुष एवं महिला) टीम का चयन 21 फरवरी को अपराह्न एक बजे से क्रीड़ा परिषद भवन में होगा। चयनित टीम सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में 18 मार्च से आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं सभी प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हों। ब्यूरो

Hindustan

66 शोधार्थियों को अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार

डीडीयू में कुलपति ने अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार से शोधार्थियों को पुरस्कृत किया।

विधि के अंतर्गत विभाग में कुलपति ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया।

डीडीयू : कुलपति ने किया लिटरेरी वॉल का अनावरण

गोरखपुर, निज संवाददाता। गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में सोमवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने लिटरेरी वॉल का अनावरण किया। विभाग के शोधार्थियों ने साहित्यिक उद्धरणों, प्रतीकों और कलात्मक अभिव्यक्तियों से इसे सजाया है। इसमें वोगदान देने वाले शोधार्थियों को कुलपति ने प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कुलपति ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनेगी, जहां वे साहित्य और कला के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मौके पर विश्वविद्यालय प्रो. अजय शुक्ल, प्रो. वीरेन्द्र सिंह, प्रो. अलोक कुमार, प्रो. लिखा सिंह, प्रो. सुनीश भूमि, प्रो. गौरहरि बेहरा, डॉ पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

डीडीयू : लिटरेरी वॉल का कुलपति ने किया अनावरण

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में सोमवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने 'लिटरेरी वॉल' का अनावरण किया। विभाग के शोधार्थियों ने इस दीवार को साहित्यिक उद्धरणों, प्रतीकों और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सजाया है। कुलपति ने इसे सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनेगी, जहां वे साहित्य और कला के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के 75 गौरवशाली वर्षों के उत्सव का प्रतीक है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ''माई कैंपस, माई प्राइड, माई रिस्पांसिबिलिटी'' को बढ़ावा देना है। इस रचनात्मक पहल में योगदान देने वाले शोधार्थियों को कुलपति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ब्यूरो

अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर की असीम संभावनाएं

गोरखपुर। डीडीयू के गणित विभाग में हीरक जयंती वर्ष के तहत 'कॅरियर ऑन स्पेस' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक कुमार सिंह विधि के पुरातन छात्र रहे। उन्होंने स्पेस साइंस के क्षेत्र में संभावनाएं बताते हुए इसमें कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी व प्रो. विजय शंकर वर्मा ने अतिथि का स्वागत किया। समन्वयन डॉ राजेश कुमार व संचालन डॉ. जूली श्रीवास्तव ने किया।

जातक कथाओं से छात्रों ने सीखा व्यवसाय प्रबंधन

गोरखपुर। डीडीयू के व्यवसाय प्रशासन विभाग व राजकीय बौद्ध संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में 'सम्यक प्रबंधन और जातक अट्ठकथाएं' विषय पर सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ जसवीर सिंह चावत्ता ने जातक कथाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को मैनेजमेंट के गुर सिखाए। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीवर्धन पाठक ने की। मौके पर प्रो. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. सुशील तिवारी, डॉ. कुलदीपक शुक्ल, डॉ. इरफान अंसारी मौजूद रहे।

Swatantra Chetna

अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार से 66 शोधार्थी हुए सम्मानित

I-NEXT

870 को मिले सर्टिफिकेट, अब नहीं लगेगी लाइन

Swatantra Bharat

कुलपति ने किया 'लिटरेरी वाल' का अनावरण

Rastriya Sahara

66 शोधार्थियों को दिया गया अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार

Superfast Times

कुलपति ने किया अंग्रेजी विभाग के 'लिटरेरी वाल' का अनावरण

विश्वविद्यालय की किक बॉक्सिंग टीम का चयन 21 फरवरी को